**लापरवाही** — बीटगार्ड बदल गए, लेकिन आवास पर आज भी पुराने कर्मचारी का नाम; वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# सारंगबिहरी में बने सिरकुही बीटगार्ड के शासकीय आवास पर वर्षों से नहीं बदला सूचना पटल



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 17 जुलाई, वन विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। ग्राम सारंगबिहरी में स्थित सिरकुही बीटगार्ड के शासकीय आवास पर लगा सूचना पटल वर्षों बाद भी अपडेट नहीं किया गया है। विभाग में कई बार कर्मचारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना होने के बावजूद आवास के बाहर लगे बोर्ड पर आज भी पुराने बीटगार्ड का नाम अंकित है। इससे वन विभाग के कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।**

शासकीय भवनों पर लगाए जाने वाले सूचना पटल का उद्देश्य आम नागरिकों को संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की जानकारी उपलब्ध कराना होता है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोग सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें। लेकिन सारंगबिहरी स्थित इस शासकीय आवास पर वर्षों पुरानी जानकारी ही प्रदर्शित हो रही है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वन भूमि, पौधारोपण, लकड़ी कटाई, वन्यजीवों की गतिविधियों तथा अन्य वन संबंधी मामलों में जानकारी देने या शिकायत करने लोग यहां पहुंचते हैं, लेकिन सूचना पटल पर पुराने कर्मचारी का नाम देखकर भ्रमित हो जाते हैं। कई लोग पुराने कर्मचारी से संपर्क करने का प्रयास करते हैं, जबकि उनका स्थानांतरण काफी पहले हो चुका है। सूचना का अधिकार अधिनियम और शासन की पारदर्शिता की मंशा के अनुसार प्रत्येक शासकीय कार्यालय एवं आवास पर वर्तमान पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी का नाम, पदनाम और आवश्यक जानकारी प्रदर्शित होना चाहिए। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा सूचना पटल को अद्यतन नहीं किया जाना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभाग अपने सूचना पटल तक समय पर अपडेट नहीं कर पा रहा है, तो आम जनता को सही जानकारी कैसे मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे विभाग की गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने वनमंडल अधिकारी और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सारंगबिहरी में स्थित सिरकुही बीटगार्ड के शासकीय आवास सहित वन विभाग के सभी बीट कार्यालयों एवं शासकीय भवनों पर लगे सूचना पटलों को तत्काल अपडेट कराया जाए।

# रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, झूमे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 17 जुलाई, नगर में पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। धार्मिक नगरी चांदामेटा से प्रारंभ हुई रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई परासिया पहुंची, जहां शिव मंदिर में यात्रा का समापन हुआ।**

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दर्शन के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कोयलांचल के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कान के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रमुख राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धाभाव से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# व्यक्तिगत दुख को सेवा में बदला: सीके चौबे ने जरूरतमंद बच्चों को दी शैक्षणिक सामग्री



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 17 जुलाई, श्री नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति के सह संरक्षक एवं सिवनी निवासी सेवानिवृत्त जिला स्टेनो सी.के. चौबे ने पत्नी और पुत्री के निधन के बाद अपने जीवन को समाजसेवा के लिए समर्पित कर दिया। पिछले पांच वर्षों से वे गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद बच्चों की सहायता कर रहे हैं।**

इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला पथरकटी को करीब 50 हजार रुपये की लागत से डेस्क-बेंच, स्कूल बैग, ड्रेस, जूते व मोजे भेंट किए। सामग्री का वितरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा एवं संकुल प्राचार्य सतीश उइके के हस्ते किया गया। वहीं श्री नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को बरसात से बचाव के लिए छाते एवं पाठ्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर समिति के संस्थापक राधेश्याम सोनी, सह संरक्षक सुनेन सूर्यवंशी, प्रचारक महेंद्र सिंगारे, शिक्षिका ब्रजकुंवर उइके, सेवानिवृत्त शिक्षिका संध्या राय, आदर्श जैन सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हर्रई जागीर में जर्जर विद्युत पोल बने हादसे का कारण, वार्डवासियों में आक्रोश

## बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं बदले गए झुके हुए सीमेंट के बिजली खंभे, बड़ी दुर्घटना की आशंका

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 17 जुलाई, हर्रई जागीर नगर के विभिन्न वार्डों में लगे वर्षों पुराने सीमेंट-कंक्रीट के विद्युत पोल अब लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। कई स्थानों पर बिजली के खंभे बुरी तरह झुक चुके हैं और किसी भी समय गिरकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद मध्य प्रदेश विद्युत मंडल शाखा हर्रई द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग, नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत की है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित झिरना रोड चौराहा (नेमा मैडम के घर के सामने), वार्ड



क्रमांक 11 में अरुण सोनी के मकान के सामने तिराहा, तथा गांधी चौक स्थित पिंजरा वाले हनुमान मंदिर एवं सतीश जैन की दुकान के सामने लगे विद्युत पोल अत्यधिक जर्जर और झुकी हुई अवस्था में हैं। वार्डवासियों का कहना है कि तेज आंधी, बारिश या किसी भारी वाहन की टक्कर से ये खंभे कभी भी गिर सकते हैं। यदि बिजली के तार वाहनों या राहगीरों की चपेट में आ गए तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। नागरिकों ने शासन-प्रशासन, नगर परिषद और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल से मांग की है कि इन जर्जर सीमेंट के खंभों को तत्काल हटाकर उनकी जगह अधिक ऊंचाई वाले मजबूत लोहे के विद्युत पोल लगाए जाएं, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई और कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

# बिछुआ में जुआं फड़ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 17 जुलाई, बिछुआ पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस ने जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी, ताश के पत्ते, दो मोटरसाइकिल और एक कार जब्त की गई है।**

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बर्गीटोला में मेन रोड के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे, जबकि चार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैलाश शील (24 वर्ष), रियाज खान (32 वर्ष), आकाश पाटिल (29 वर्ष) तथा पवन उर्फ रमदास पडोलिया (29 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 6 हजार रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, दो मोटरसाइकिल तथा एक टाटा टियागो ईवी कार जब्त की है। जब्त वाहन और अन्य सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये बताई गई है। चारों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। कार्रवाई चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

# डॉ पूजा तिवारी बनी प्राध्यापक, पदोन्नति पर किया सम्मान




**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 17 जुलाई, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची क्रम में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ पूजा तिवारी को प्राध्यापक पद पर पदोन्नत किया गया है इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा डॉ पूजा तिवारी का सम्मान किया गया।**

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. पी.यादव ने अपने उदबोधन में डॉ तिवारी के विगत बीस वर्षों में महाविद्यालय के लिए किए गए कार्यों का वर्णन करते हुए प्रशंसा की ,इस कार्यक्रम में डॉ मनीषा आमटे एवं मनीष कुमार ठाकुर ने भी उदबोधन दिया , कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीना ठाकरे और आभार प्रदर्शन डॉ स्मिल बेलिया ने किया इस अवसर पर समस्त विभागों के फैकल्टी ने भी डॉ पूजा तिवारी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ मनीषा आमटे, डॉ दिनेश कुमार वर्मा , डॉ अनिल अहिरवार का विशेष सहयोग रहा ,इस अवसर पर डॉ शशि उइके , डॉ नमिता चौबे, डॉ अंजू चौहान , मनीष ठाकुर ,प्रदीप भारती , रश्मि मराठा , डॉ विवेक तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । उल्लेखनीय है कि डॉ पूजा तिवारी की उच्च शिक्षा विभाग में 30 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी है इसके साथ ही डॉ तिवारी रिसर्च गाइड और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी भी है ।

# भाजपा के संघर्षकाल के साथी बिछड़े, चंद्रभान सिंह की भरोसेमंद तिकड़ी का अंत



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/मोहखेड़, 17 जुलाई, भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार के संघर्षपूर्ण दौर में अपनी मेहनत और समर्पण से पहचान बनाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता अनुप्रसाद (अन्नू) कोल्हे के निधन के साथ ही पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के सबसे भरोसेमंद साथियों की संघर्षशील तिकड़ी का अंत हो गया।**

वर्ष 1990 में जब चौधरी चंद्रभान सिंह ने राजनीति की शुरुआत की थी, तब से ही ग्राम ईकलबिहारी के चिंतामन डोंगरे, रमेश चौधरी और अनुप्रसाद (अन्नू) कोल्हे उनके साथ मजबूती से खड़े रहे। उस समय न संसाधनों की भरमार थी और न ही राजनीतिक ताकत, लेकिन इन कार्यकर्ताओं के हौसले और संगठन के प्रति समर्पण ने भाजपा को क्षेत्र में मजबूत आधार देने का काम किया।गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं को जोड़ना, पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाना और हर चुनाव में पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी निभाना इन तीनों की पहचान रही।

# सोसायटी के भंडारगृह निर्माण को लेकर विवाद गहराया, राजस्व अमले ने लगाई रोक

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 17 जुलाई, ग्राम पंचायत झूर्रमॉल में स्थित सेवा सहकारी समिति के भंडारगृह निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बीते दिन राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी। अधिकारियों ने निर्माण कार्य से जुड़े समिति सदस्यों को तलब कर मामले में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।**

राजस्व अधिकारियों के अनुसार, भंडारगृह का निर्माण कथित तौर पर नाला मद भूमि पर किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, मौके पर किसी भी शिकायतकर्ता ने अपनी आपत्ति दर्ज नहीं कराई। इसके बावजूद निर्माण स्थल की भूमि शासकीय होने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

बताया जा रहा है कि इस मामले को राजनीतिक हस्तक्षेप से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सोसायटी के आवेदन पर ग्राम पंचायत द्वारा पहले भंडारगृह का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन शासकीय राशि और भूमि के विवाद के चलते पंचायत ने बाद में निर्माण कार्य से हाथ खींच लिया। इसके बाद समिति सदस्यों और किसानों ने मिलकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

इसी बीच मामले की शिकायत राजस्व विभाग में किए जाने के बाद विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और निर्माण कार्य रुकवा दिया। अब भूमि के स्वामित्व और निर्माण की वैधता को लेकर राजस्व विभाग द्वारा जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# सेडी से 12 युवकों को मिला रोजगार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जुलाई, शहर की रोजगारोन्मुखी संस्था अंबुजा फाउंडेशन सेडी, छिंदवाड़ाद्व द्वारा बेरोजगार युवको को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।**

संस्था के सीनियर प्लेसमेंट ऑफिसर राजकमल जैन ने बताया कि धूत इलेक्ट्रिकल ऑटो कंपोनेंट, संभाजीनगर (महाराष्ट्र) मैं मशीन ऑपरेटर के पद पर हुई नियुक्ति अंबुजा फाउंडेशन सेडी से प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रशिक्षणार्थियों ने छिंदवाड़ा संस्थान में प्रशिक्षण पूर्ण कर संस्था से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके पश्चात अंबुजा फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित युवको को धूत इलेक्ट्रिकल ऑटो कंपोनेंट, संभाजीनगर (महाराष्ट्र) में रोजगार प्रदान किया गया। संस्था में यह रोजगार देने का क्रम निरंतर जारी जा है ।

# हर्रई में मार्केटिंग सोसाइटी के नगद उर्वरक विक्रय केंद्र का शुभारंभ

## किसानों को मिलेगा समय पर उर्वरक

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 17 जुलाई, विकासखंड के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। माननीय कलेक्टर छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में किए गए प्रयासों के फलस्वरूप शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को हर्रई में मार्केटिंग सोसाइटी के नगद उर्वरक विक्रय केंद्र का शुभारंभ अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हेमकरण धुर्वे, उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती संगीता डेहरिया, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मनोज नेमा, शंभू साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे। इस



अवसर पर विधायक कमलेश शाह ने कहा कि हर्रई विकासखंड में मार्केटिंग सोसाइटी के नगद उर्वरक केंद्र की शुरुआत किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक उपलब्ध होगा, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी और कृषि उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में चंदू कुडोपा (जनपद सदस्य), सुनील इरपाची (पार्षद), रामनारायण धुर्वे (मंडल अध्यक्ष), धीरज ठाकुर (परियोजना संचालक आत्मा), नीलकंठ पटवारी (अनुविभागीय कृषि अधिकारी), दीपक चौरासिया (सहायक संचालक कृषि), विनोद टांडेकर (एसडीएओ), हनुमानशाह पंद्राम, चंद्रप्रकाश वर्मा (प्रबंधक, मार्केटिंग सोसाइटी हर्रई) सहित कृषि विभाग का समस्त मैदानी अमला मौजूद रहा। किसानों ने हर्रई में नगद उर्वरक विक्रय केंद्र शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पौधा रोपण कर दिया संदेश पर्यावरण संरक्षण का

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जुलाई, जिले की जैवविविधता को बचाने के हर व्यक्ति को कुछ न कुछ पहल करना चाहिए जिससे की जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके । स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा स्थानीय पंडित नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल जनता कालोनी के परिसर को हरा भरा रखने स्कूली छात्रो के साथ पौधा रोपण किया गया।**

इस अवसर पर पर्यावरण विद श्यामल राव ने उक्त परिसर मे पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया जिससे की जैवविविधता बनी रहे जिससे की मानव जीवन सुरक्षित रेह सके ।संस्था के संचालक अखिलेश चौहान ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिए लगे हुए वृक्षों का संरक्षण एवं जैवविविधता का संरक्षण करने के लिए अपने घरो मे एक पौधा बैटी के नाम से अवश्य लगाये । उप प्राचार्य संध्या यादव ने कहा की आप अपने घरो पर खाने वाले फलो से निकले आम की गुठली, जामुन , इमली, सीताफल, के बीजो का रोपण खुले जंगलो ,खेत के मेढ़ो एवं टेकड़ी मे कर पर्यावरण संरक्षण मे योगदान देने की अपील की है आयोजन को सफल बनाने मे विध्यालय स्टाप आई पी विशकर्मा, अरविंद साहू, सकुन अहिरवार सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे ।

**राहत** — सुबह से देर शाम तक रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में लौटाई रौनक

# रिमझिम बूंदाबांदी बनी किसानों के लिए वरदान, पीली फसल में आई नई जान



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 17 जुलाई, शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक क्षेत्र में रुक-रुककर हुई रिमझिम बूंदाबांदी किसानों के लिए राहत भरी सौगात लेकर आई। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। खेतों में खड़ी पीली फसल को इस हल्की बारिश से नई ऊर्जा मिली है। बूंदाबांदी ने मिट्टी में पर्याप्त नमी पहुंचाकर फसल की बढ़वार को गति देने का काम किया है।**

पिछले कुछ दिनों से उमस और नमी की कमी के कारण किसान फसल की स्थिति को लेकर चिंतित थे। कई स्थानों पर फसल मुरझाने लगी थी और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही थी। ऐसे समय में हुई रिमझिम बारिश ने किसानों की चिंता दूर कर दी। खेतों में नमी लौटने से फसल फिर से हरी-भरी नजर आने लगी है और पीली फसल में नई जान आ गई है।

किसानों का कहना है कि यदि इस समय तेज बारिश होती तो फसल को नुकसान पहुंच सकता था, लेकिन हल्की और लगातार हुई बूंदाबांदी फसल के लिए अमृत साबित हुई। इससे न केवल पौधों की जड़ों को पर्याप्त नमी मिली, बल्कि खेतों का तापमान भी संतुलित हो गया, जिससे फसल के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पीली फसल की इस अवस्था में हल्की बारिश बेहद लाभकारी होती है। इससे पौधों की बढ़वार तेज होती है, दानों का विकास बेहतर होता है और उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है। यदि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो इस वर्ष किसानों को अच्छी पैदावार मिलने की उम्मीद है।बारिश के बाद पूरे क्षेत्र का मौसम भी खुशनुमा हो गया। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। गांवों में किसान खेतों का निरीक्षण करते नजर आए और फसल की ताजगी देखकर संतोष व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि यह बूंदाबांदी उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है और समय पर हुई यह बारिश अच्छी उपज की उम्मीद को मजबूत कर गई है।

# मेहनत और लगन का मिला प्रतिफल, प्रयास बघेल ने जेईई, नीट व 12वीं में लहराया परचम



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जुलाई, पुलिस चौकी उमरानाला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक संतोष बघेल के होनहार पुत्र प्रयास सिंह बघेल ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर एक साथ कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

प्रयास सिंह बघेल ने जेईई (मेन्स) 2026 में 96.68 प्रतिशताइल, कक्षा 12वीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक तथा नीट 2026 में 720 में से 583 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। उनकी इस सफलता से परिवार, समाज और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। अपनी सफलता पर प्रयास सिंह बघेल ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और गुरुजनों के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार का विश्वास और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा। इस अवसर पर शुभचिंतकों ने प्रयास सिंह बघेल को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित कर अपने माता-पिता, समाज और जिले का नाम रोशन करेंगे।

## आम सूचना

मैं मेरी पक्षकारा की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना/इस्तेहार का प्रकाशन करता हूँ कि मौजा छिन्दवाडा प.ह.नं. 13 भूमि खसरा नं. 3137/1 रकवा 0.040 हे. का छिन्दवाडा नागपुर रेल अमान परिवर्तन हेतु भूमि अधिग्रहित की गई है जिसके एवज में मेरी पक्षकारा बरखा राव पिता स्व. सम्पत राव (पति किशोर राव) द्वारा अपने पुत्र सिद्धार्थ राव पिता किशोर राव को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में नौकरी प्रदाय किये जाने हेतु भू-अर्जन अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छिन्दवाडा को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्राधिकृत अधिकारी छिन्दवाडा के समक्ष प्रकाशन दिनांक से 01 माह के भीतर लिखित में देवें ।

दिनांक - 18/07/2026

**डॉ. गौरव भारद्वाज अधिवक्ता**
**छिन्दवाडा मो.नं.- 8109348660**